11.(3) द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान मची अफरा–तफरी से उद्योग भी अछूते नहीं रहे। श्रमिकों की अदला–बदली व अनुपस्थिति की दर यकायक बढ़ गयी। तब मेयों द्वारा यह प्रयोग किया गया तथा निष्कर्ष निकाला गया कि अनुपस्थितिवाद उस उपक्रम में था जहाँ न तो कोई अनौपचारिक संगठन था और न कोई ऐसा सहज नेतृत्व था जो श्रमिकों को एक समूह के रूप में संगठित कर सके।

12.(3) व्यवहारवादी उपागम की कमियों व आलोचनाओं के कारण जब 1970 के आस–पास उत्तर व्यवहारवादी आंदोलन के परिणामस्वरूप हेण्डरसन ने यह पुस्तक लिखी। जिसमें उत्तर–व्यवहारवादी विचारों, तथ्यों, अभिमतों को समझानें का प्रयास किया गया है।

13.(4) मेरी पार्कर कॉलेट का समग्र चिन्तन मानवतावाद, सहयोग व अपनत्व पर टिका है लेकिन कॉलेट के बहुत से विचार सैदान्तिक तथा आदर्शवादी प्रतीत होते है। कुछ विद्वान् मानते है कि कॉलेट के विचार समय से पहले के विचार है, अतः उन्हें प्रबन्ध में भविष्यवक्ता या पैगम्बर की उपाधि दी जाती है।

VPM CLASSES

14.(3) वारनॉट ने नौकरशाही को पेशेवर विकृत्ति कहा है। विक्टर. ए थॉम्पसन इसे ब्यूरोपैथोलॉजी की संज्ञा देते है। थॉमसन कार्लाइल नौकरशाही को अव्यावहारिक मानते हुए इसे महाद्वीपीय उत्पात की संज्ञा देते है। डेवी ने इसे व्यावसायिक मनः संताप माना है जो संगठन की दृष्टि से लाभप्रद नहीं होता है।

15.(1) रेन्सिस लिकर्ट – सामूहिक अभिप्रेरणा

पीटर ड्रकर – उद्देश्यों द्वारा प्रबंध

क्रिस आर्गिरिस – एकीकृत एवं स्वनियंत्रित प्रबंध

हजबर्ग – कार्य समृद्धता

पीटर्स – सशक्तिकरण

16.(4) अत्यांतिक वीटो – सामान्यतः यह वीटो 2 मामलों में प्रयोग किया जाता है।

(i) गैर सरकारी सदस्यों के विधेयक सम्बंध में

(ii) सरकारी विधेयक के सम्बंध में जब मंत्रिमण्डल त्यागपत्र दे दे।

निलंबनकारी वीटो – राष्ट्रपति इस वीटो का प्रयोग तब करता है, जब वह किसी विधेयक को संसद के पुनर्विचार हेतु लौटाता है।

वॉकेट वीटो – इस मामलों में राष्ट्रपति विधेयक पर न तो कोई सहमति देता है, न अस्वीकृत करता है, और न ही लौटाता है, परंतु एक अनिश्चित काल के लिए विधेयक को लंबित कर देता है।

यहां एक बात ध्यान देने योग्य है कि संविधान संशोधन से संबंधित अधिनियमों में राष्ट्रपति के पास कोई वीटो शक्ति नहीं है। 24वें संविधान संशोधन अधिनियम 1971 ने संविधान संशोधन विधेयकों पर राष्ट्रपति को अपनी स्वीकृति देने के लिए बाध्यकारी बना दिया।

17.(3) सन् 2006 तक लॉर्ड सभा का पदेन अध्यक्ष लॉर्ड चांसलर कहलाता था, जो प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता था, एवं मंत्रिमण्डल का सदस्य माना जाता था। इस व्यवस्था के स्थान पर अब लॉर्ड स्पीकर पद सृजित किया गया है। यह पद आज भी पूर्व की भांति केवल शोभायमान पद है।

VPM CLASSES

18.(3) ब्यूरो
↓
डिविजन
↓
ऑफिस
↓
सर्विसेज
} इनके प्रशासनिक प्रमुख पदसोपानात्मक आधार पर नियुक्त किए जाते हैं।

19.(4) फ्रांस में वर्तमान में पंचम गणराज्य प्रवर्तित है। इससे पूर्व चार बार संविधान बन चुका है। वर्तमान संविधान कठोर है। यह लोकतांत्रिक तथा पंथ निरपेक्ष राज्य की स्थापना करता है। फ्रांस में अध्यक्षीय एवं संसदीय शासन प्रणाली का मिश्रित स्वरूप प्रवर्तित है। इसे अर्द्ध अध्यक्षीय प्रणाली भी कहते हैं।

20.(4) सन् 1951 में राणा के विरूद्ध हुई क्रांति को नियंत्रित करने में भारत की अहम भूमिका रही। फरवरी 1951 में नेपाल नरेश, राणा शासको तथा नेपाली क्रांग्रेस के नेताओं के मध्य एक समझौता हुआ जिसे दिल्ली सैटलमेण्ट कहा जाता है। समझौते के अनुसार–

1. पूर्ण निर्वाचित संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मित किया जाएगा।
2. अन्तरिम सरकार राणा की अध्यक्षता में सभी पक्षो के प्रतिनिधियों से युक्त होगी।
3. राज्य के हित में नरेश त्रिभुवन को राजा बने रहने दिया जाएगा।

21.(2) वर्तमान में विकास कार्यक्रमों का प्रारूप नियोजित प्रणाली पर तैयार होता है, तथा निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना इसका मुख्य ध्येय रहता है। विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विशिष्ट क्षेत्रों की परियोजनाएं निर्मित की जाती है। इसीलिए कहा जाता है कि विकासशील राष्ट्रों में परियोजना प्रशासन ही विकास प्रशासन है।

22.(4) अंग्रेजी शब्द Sustain का अर्थ होता है– संभालना या कायम रखना। धारित विकास वह विकास है जो भावी पीढ़ियो की क्षमताओं के साथ समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के प्रयास करता है।

VPM CLASSES

23.(2) डेविड एप्टर ने विकास के समर्थक मूल्यों को उपकरणात्मक तथा बाधक मूल्यों को पूर्णताकारक के रूप में वर्णित किया है। उनके अनुसार विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पूर्णताकारक मूल्य अधिक अभिभावी सिद्ध होते हैं।

24.(3) विकास प्रशासन एक नियामकीय अभिकरण है, जिसमें केन्द्रीयकरण को प्राथमिकता न देकर विकेन्द्रीकरण को प्रोत्साहित किया जाता है। तांकि कार्य व उत्तरदायित्वों का निष्पादन कुशलता से किया जा सके। इसी कारण विकास प्रशासन विकेन्द्रीकरण की प्रकृति का अनुपालन करता है।

25.(2) विकास प्रशासन तुलनात्मक दृष्टि से नवीन अवधारणा तथा वैचारिक प्रतिमान है, जो नियोजित ढंग से सामाजिक – आर्थिक विकास एवं परिवर्तन के सम्बंध में अध्ययन की विषय वस्तु है। विकास प्रशासन में इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रशासनिक तंत्र की क्षमताओं को सुदृढ़ करने का भाव सम्मिलित रहता है। जो प्रशासनिक विकास को जन्म देता है।

26.(2) प्रधानमंत्री
↓
केबिनेट मंत्री
↓
राज्य मंत्री
↓
उपमंत्री
↓
संसदीय सचिव
↓
अतिरिक्त / संयुक्त सचिव
↓
उप सचिव / निदेशक
↓
अवर सचिव
↓
अनुभाग अधिकारी

27.(4) डेस्क ऑफिसर सिस्टम की शुरूआत ब्रिटिश व्हाईट हॉल परम्परा पर 1950 से कुछ मंत्रालयों में चालू की गई। डेस्क ऑफिसर पद अनुभाग अधिकारी या अवर सचिव द्वारा वहन किया जाता है। इस प्रणाली में कम महत्व के मामले स्वयं डेस्क ऑफिसर ही निपटाता है। जबकि

VPM CLASSES

नीतिगत मामले ही उपसचिव या उससे उच्च अधिकारियों तक भेजे जाते हैं।

28.(4) योजना आयोग की स्थापना के समय छः संभाग थे। कालांतर में आयोग का कार्यक्षेत्र व योजनाओ का स्वरूप विस्तृत होने पर संभागो व अन्य प्रशासनिक इकाईयों में स्वाभाविक वृद्धि हुई। सन् 2007 में योजना आयोग द्वारा निर्मित स्वैच्छिक क्षेत्र सम्बंधी राष्ट्रीय नीति का क्रियान्वयन आयोग का स्वैच्छिक संगठन प्रकोष्ठ करता है।

29.(4) सन् 1961 में गठित C.S.O. सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय का प्रमुख स्वायत्तशासी निकाय है। कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन (P.E.O.) की स्थापना 12 अगस्त, 1952 को की गई थी। यह संगठन योजनाओं के प्रबोधन, सर्वेक्षण, निष्पादन, उद्देश्य की सीमा का अध्ययन करता है। NSSO की स्थापना सन् 1950 में की गई थी। सन् 2007 में एक सोसायटी के रूप में गठित जनसंख्या स्थिरता कोष योजना आयोग के निर्देशन में कार्य करता है।

30.(2) कार्यविधि नियमों के अनुसार मंत्रिमण्डल सचिव ही प्रशासनिक स्तर का शीर्षस्थ कहलाता है। किन्तु वह प्रधानमंत्री, जो कि मंत्रिमण्डल का अध्यक्ष होता है, के अधीन ही कार्य करता है। यह सचिव भारतीय प्रशासनिक सेवा का वरिष्टतम लोक सेवक होने के कारण देश का सर्वोच्च प्रशासनिक पद धारण करता है। यह प्रधानमंत्री को आंख व कान की भांति हर सम्भव प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है।

31.(2) D.P.C. से तात्पर्य है, विभागीय पदोन्नति समिति। इस समिति में प्रायः 3–4 अधिकारी सम्मिलित होते हैं, जो सेवा अभिलेख, साक्षात्कार, तथा अन्य आधारों पर कार्मिक की योग्यता का आकलन करते है। इस पद्धति में चापलूसी व भाई–भतीजावाद को प्रत्यक्ष मिलता है।

32.(1) भारत की लोक सेवाओं में अखिल भारतीय सेवाओं का सर्वोच्च स्थान है। इन सेवाओं के अधिकारी केन्द्र या राज्य कहीं भी आवश्यकतानुसार पदस्थापित किये जा सकते हैं। किंतु फिर भी अखिल भारतीय सेवाओं ने राज्य की स्वायत्तता को एक सीमा तक भंग करने का प्रयास किया है, क्योंकि इन सेवाओं के अधिकारी केन्द्र सरकार के नियमों के अधीन होते हैं, तथा राज्य सरकार द्वारा उन पर पूर्ण नियंत्रण रख पाना सम्भव नहीं होता।

33.(2) कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 1996 में जारी राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति के अन्तर्गत लोक नीति में सेवाकालीन प्रशिक्षण, राज्य प्रशिक्षण प्रसार, प्रबंधन व सूचना के अधिकार प्रशिक्षण संचालित होते है। ह.च.मा. राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान द्वारा I.A.S. के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय केन्द्रीय सरकार

VPM CLASSES

का प्रमुख मंत्रालय है।

34.(3) संघ लोक सेवा आयोग भारत सरकार का सर्वोच्च केन्द्रीय भर्ती अभिकरण है। U.P.S.C. ने अपनी सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक कम्प्यूटरीकृत प्रारूप के द्वारा नई आवेदन प्रणाली सन् 1999 से शुरू की है, जो एक समायोजित सुधार कहा जा सकता है, क्योंकि U.P.S.C. को प्रतिवर्ष 10–11 लाख आवेदन पत्रों की छंटनी करनी पड़ती है। यह प्रणाली Project SAMPERA के अन्तर्गत विकसित की गई है।

35.(1) (I.E.S.) भारतीय आर्थिक सेवा समूह ''क'' की केन्द्रीय सेवाओं में सबसे नई सेवाओं में से है। जिसका गठन 1961 में हुआ। इस सेवा का गठन आर्थिक नीति के निरूपण व कार्यान्वयन के क्षेत्र में विशेष संवर्ग होने की महसूस की गई जरूरत के आधार पर किया गया है।

36.(1) 1. पूर्व अंकेक्षण किसी कार्य के लिए धन की उपलब्धता तथा व्यय की वैधता की जानकारी के लिए किया जाता है।

2. पश्चात् अंकेक्षण व्यय हो जाने के पश्चात् उसके लेखो तथा दस्तावेजो का पोस्टमार्टम होता है।

3. प्रशासनिक अंकेक्षण तकनीक, कार्मिक तथा संगठनात्मक प्रक्रियाओं की जांच के लिए किया जाता है।

4. वित्तीय अंकेक्षण धन की प्राप्ति, रख–रखाव, व्यय तथा उसके कुशल प्रबंधन से सम्बंधित होता है।

37.(4) भारत में 1975 से एकीकृत वित्तीय सलाहकार व्यवस्था प्रारंभ की गई। इस सलाहकार का चयन सम्बंधित प्रशासनिक मंत्रालय व वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इसका मुख्य दायित्व बजट निर्माण, व्यय नियंत्रण, भुगतान, लेखा एकत्रण, विनियोग लेखा निर्माण, आन्तरिक अंकेक्षण तथा वित्तीय अनुशासन स्थापित करना इत्यादि है।

38.(3) भारतीय लोक लेखा संगठन के सभी अधिकारी लेखा नियंत्रक के निर्देशन–नियंत्रण में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों या संगठनों में पदस्थापित होते हैं। इन अधिकारियों को प्रशिक्षित करने हेतु 1992 से नई दिल्ली में शासकीय लेखा व वित्त संस्थान कार्यरत है।

39.(4) किसी विधेयक को धन विधेयक समझे जाने के लिए भारत के लोक लेखो को मध्यनजर रखते हुए धन प्राप्ति की इच्छा, भारत की आकस्मिक निधि की अभिरक्षा व किसी कर में

VPM CLASSES

कटौती या परिवर्तन जैसी मुख्य अर्हताएं धन विधेयक की मान्यता प्रदान करती है।

40.(1) आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्थाओं में वित्त रक्त की भूमिका निर्वाहित करता है। यद्यपि प्रशासन व वित्त दो पृथक्- पृथक् संकल्पनाएं है, जिसमें प्रशासन सेवा व सरकार तथा वित्त आय–व्यय समालेखों का रूप होता है। कार्यपालिका द्वारा व्यवस्थापिका के निर्देशन व अनुमति द्वारा बजट का क्रियान्वयन किया जाता है।

41.(3) संविधान के अनुसार राज्य सरकारों के लिए 73 वें संविधान संशोधन के द्वारा राज्य वित्त आयोग की व्यवस्था की गई है। वे ऐसा करने के लिए बाध्य है। इसके अनुसार प्रतिवर्ष राज्यपाल एक वित्त आयोग का गठन करेगा। राज्य सरकारों द्वारा स्थानीय निकायों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाले अनुदान का निर्धारण केन्द्रीय सरकार के वित्त आयोग के नियमानुसार होता है, न कि राज्य वित्त आयोग के।

42.(3) भारत के संविधान में जिला शब्द अनु. 233 में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति के क्रम में प्रयुक्त हुआ है। अनु. 243 में पंचायती राज के लिए जिला परिषद् हेतु व छठी अनुसूची में कुल राज्यों में स्वशासी जिलों हेतु प्रयुक्त हुआ है।

43.(3) छोटा नेपोलियन शब्द जिला कलक्टर के लिए प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि पूर्व में कलक्टर को इसी नाम से जाना जाता था। किंतु अब जिला कलक्टर अपनी परम्परागत भूमिका को त्याग कर सर्वाधिक महत्वपूर्ण अधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित है।

44.(1) 13वें वित्त आयोग का गठन नवम्बर 2007 में किया गया था। इस आयोग के विचारार्थ कई विषय थे, किंतु उनमें प्रमुख विषय कार्य था– राज्यों में पंचायतों व नगरपालिकाओं के संसाधनों के अनुपूरण के लिए राज्य की संचित निधि के आवर्धन हेतु आवश्यक उपाय/सुझाना।

45.(4) भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में नगरपालिकाओं के लिए नगरीय निर्धनता का (उन्मुलन) उपशमन करना, आर्थिक व सामाजिक विकास हेतु योजनाएं बनाना तथा चर्मशोधनशालाओं का विनियमन करना, नगरीय वानिकी को प्रोत्साहित करने जैसे कार्यों का उल्लेख किया गया है।

46.(3) परिकल्पना प्रत्यात्मक तत्वों के सम्बंध में एक अवधारणा मात्र होती है। यह एक अनुमानित

VPM CLASSES

समाधान है। इसमें कथन को अस्थायी रूप में सही मानकर इसकी पुष्टि का प्रयास किया जाता है। किसी शोध प्रक्रिया के नियोजन के लिए यह दिशा या आधार प्रदान करती है।

47.(4) योजना तंत्र से सम्बंधित कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन एक नियामकीय अभिकरण है, जो कार्यों का निष्पादन व मूल्यांकन करता है। P.E.O. इस हेतु मूल्यांकनात्मक शोध पद्धति का अनुसरण करता है जो कार्यों के निष्पादन के पश्चात् की जाती है।

48.(2) विभेदी प्रवणता परीक्षण जिसे DAT कहते हैं। एक अत्यधिक प्रसिद्ध व बहुतायत से प्रयुक्त किया जाने वाला परीक्षण है। इसमें प्रशासन को कुल 90 मिनट का समय दिया जाता है।

49.(3) SEM = मध्यमान की प्रमाणिक त्रुटि

σ = जनसंख्या का प्रमाणिक विचलन

N = न्यादर्श का आकार

न्यादर्श का जितना बड़ा आकार होता है, प्रमाणिक ऋुटि उतनी ही कम होती है, अन्य सांख्यिकीयों की विश्वसनीयता उनकी प्रमाणिक त्रुटि से ज्ञात की जाती है।

50.(4) सामाजिक शोध में उपकरणों की प्रमाणिकता के अभाव के कारण निष्कर्ष वैज्ञानिक नहीं होते हैं। समाजशास्त्रीय अनुसंधान में मुख्य सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक नियंत्रण, परिवर्तन का अध्ययन किया जाता है। जिनके लिए मापनियां उपलब्ध नहीं हो पाती। सामाजिक विषय में कई प्रत्यय व अवधारणाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं होती। ऐसे तथ्यों से प्राप्त प्रदत्तों की अविश्वसनीयता के कारण शोधकर्त्ता सुनिश्चित भविष्यवाणी नहीं कर पाता।

51.(4) स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की संख्या सामान्यतः 10–20 होनी चाहिए। समूह को लोकतांत्रिक ढंग से कार्य करना चाहिए, जिसमें सदस्यों को विचारों के आदान–प्रदान व सहभागिता की छूट हो। समूह को अपने सुगम संचालन के लिए एक आचार–संहिता बनानी चाहिए।

52.(4) सामाजिक परिवर्तन हेतु जहां तक बाहरी कारकों का प्रश्न है। उनमें सामाजिक, धार्मिक सुधार आंदोलन, नगरीकरण औद्योगिकीकरण, देशान्तरगमन, आक्रमण, युद्ध, प्रभुता, व्यापार, संचार के साधन, सामाजिक दशाएं, भौतिक हालात जैसे सूखा, बाढ़, भूकम्प में परिवर्तन प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

53.(1) 69वां संशोधन अधि. 1991 में केन्द्रशासित प्रदेश दिल्ली को विशेष राज्य का दर्जा देते हुए

VPM CLASSES

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली बनाया गया। 75वें संशोधन अधि. में किराया न्यायालयों की स्थापना जो किराया विवादों को सुलझाए। यह न्यायालय किराया मामलों में मकान मालिक व किराएदार के हितों के संबंध में नियामक एवं नियंत्रण स्थापित करेंगे। 80वें संविधान संशोधन अधि. 2000 केन्द्र व राज्य के मध्य राजस्व की वैकल्पिक अवमूल्यन योजना की व्यवस्था। यह व्यवस्था 10वें वित्त आयोग की सिफारिश के बाद की गई। 83वां संविधान संशोधन अधि. 2000 अरूणाचल प्रदेश में पंचायतों में अनुसूचि जाति के लिए कोई आरक्षण की जरूरत नहीं है। राज्य की समूची जनसंख्या जनजातीय है।

54.(2) विलियम जेनकिन्स के अनुसार लोक नीति किसी राजनीतिक कार्यकर्ताओं के निर्णयों का परिष्कृत रूप होती है। जिसका सम्बंध लक्ष्यों के चयन व उन लक्ष्यों को प्राप्त किए जाने हेतु अपनाए जाने वाले साधनों से होता है। वहां सैदान्तिक रूप से ऐसे निर्णयों को क्रियान्वित करने का अधिकार उन राजनैतिक कार्यकर्ताओं की सत्ता की सीमा में ही होता है।

55.(4) सारगत नीतियां समाज कल्याण के उद्देश्य से सम्बंधित होती है। यही कारण है कि सरकार शिक्षा का प्रबंध लोककल्याण को ध्यान में रखकर ही करती है। वितरक नीतियां समाज के विशिष्ट वर्गों के लिए होती है, जो पिछड़े व अशक्त वर्ग के होते हैं। उनके लिए सरकार पोषाहार कार्यक्रमों का संचालन करती है। नियंत्रक नीतियां व्यापार, व्यवसाय व सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनायी जाती है। राज्य परिवहन निगम का निर्माण भी प्रशासन द्वारा नागरिकों की पथ परिवहन सुरक्षा को देखते हुए किया गया है। पूंजीकरण नीतियों के अन्तर्गत स्थानीय सरकारों को संघीय सरकार द्वारा वित्तीय राहत प्रदान की जाती है।

56.(2) योजना आयोग एक गैर संवैधानिक निकाय होते हुए भी भारत के सम्पूर्ण आयोजना तंत्र का प्रमुख केन्द्रबिंदु बन चुका है। एक मंत्रणा अभिकरण के रूप में स्थापित हुआ योजना आयोग सूत्र अभिकरण बनता जा रहा है। योजना का प्रारूप या मसौदा एक बार जैसा योजना आयोग स्वीकृत कर देता है, वह न्यूनाधिक मात्रा में अंत तक उसी रूप में स्वीकृत हो जाता है।

57.(1) सामाजिक कार्यों का निर्धारण सामाजिक परिवर्तन का मुख्य अंग है। क्योंकि इन कार्यों से ही एक सभ्य समाज का जन्म होता है। जिसमें प्रशासनिक व्यवस्था के साथ–साथ प्रशासनिक मानक व मूल्यों का भी समावेश होता है। ऐसे समाजों में प्रशाासन सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से जो कार्य करता है, वे उसे समाज द्वारा स्वतः वैधानिकता प्रदान करते हैं।

58.(2) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड अल्पावास ग्रह योजना कार्यान्वित कर रहा है, जिसके अन्तर्गत उन महिलाओं व बालिकाओं को अस्थायी आश्रय, परामर्श, मनश्चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है। जो मानसिक असंतुलन, भावनात्मक अशांती व सामाजिक उत्पीड़न की शिकार हो। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसी महिलाओं का पुनर्वास करना व उन्हें फिर से समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।

59.(4) TRYFED का पूरा नाम भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास परिसंघ है। यह जनजातियों लोगों को शोषण से बचाने तथा उन्हें छिटपुट वन उत्पादों व अपनी जरूरत से अधिक कृषि उपज के लिए लाभप्रद मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने 1987 में इसका गठन किया।

60.(3) भारत सरकार द्वारा 1948 में नियुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के सुझाव पर 1953 ई. में UGC की स्थापना की गई। 1956 में संसद के अधि. के द्वारा इसे वैधानिक संस्था स्वीकार कर लिया गया। इस अधि. के अनुसार चैयरमेन तथा सचिव के अतिरिक्त UGC के 9 सदस्य होते हैं। इसका मुख्य कार्य शिक्षा स्तर को उच्च बनाने के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता देना है। यह अपना वार्षिक प्रतिवेदन सीधे केन्द्र सरकार को प्रस्तुत करता है।

61.(1) सन् 1964 में हुए श्रीमान भण्डारनायके तथा लाल बहादुर शास्त्री समझौते के अन्तर्गत श्रीलंकाई शरणार्थियों का केरल में पुनर्वास करने हेतु मई 1970 में इसकी स्थापना की गई। भारत सरकार (40%) तथा केरल सरकार (60%) की संयुक्त पूंजी से बनी यह सार्वजनिक कम्पनी सरकारी स्तर पर रबर के पौधे लगाती है।

62.(2) लोक निगम अपने दैनन्दिन कार्यों में संसदीय तथा मंत्री के नियंत्रण से मुक्त होते हैं। इनके निदेशक मण्डलो के सदस्यो के चयन में सरकार की भूमिका निर्णायक रहती है। ये निगम जनसेवा के उद्देश्य हेतु प्रयासशील होते हैं। संसद में इनके सम्बंध में प्रश्न पूछा जा सकता है, बहस हो सकती है तथा संसदीय लोक उपक्रम समिति नियंत्रण करती है, लेकिन संसद दैनन्दिन प्रशासनिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करती है। इसी कारण W.A. रॉब्सन ने लोक निगमों को बीसवीं सदी की सबसे बड़ी संवैधानिक नवीनता या मौलिकता कहा है।

VPM CLASSES

63.(4) सरकार ने वर्ष 1997 में नवरत्न योजना प्रारंभ की थी। जिससे तुलनात्मक रूप से लाभप्रद स्थिति वाले उद्यमों की पहचान की जा सके तथा विश्वस्तरीय स्वास्थ्य धारण कर पाने में उनकी सहायता की जा सके। वर्तमान में केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र में 20 नवरत्न उद्यम है।

64.(3) प्रतियोगिता अधिनियम 2002 की धारा (7) के अनुपालन में केन्द्र सरकार ने अधिसूचना के माध्यम से 14 अक्टूबर 2003 से भारतीय प्रतियोगिता आयोग की स्थापना की थी। यह आयोग परामर्शकारी व क्षमतावर्धनों कार्यक्रमों तक ही सीमित है। आयोग ने प्रतियोगिता परामर्श, जनता की जागरूकता तथा प्रशिक्षण से सम्बंधित गहन कार्य किया है।

65.(2) उदारीकरण व निजीकरण के युग में भारतीय लोक सेवा भी अछूती नहीं रही है। उदारीकरण व निजीकरण ने लोक सेवा को नवीनतम प्रबंधकीय रूप प्रदान किया है। यही कारण है कि आज लोक सेवाओं में उच्च व योग्यतम कार्मिकों की भर्ती की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। उच्च प्रतिभाओं को आकर्षित करने हेतु नये–नये प्रशासनिक – व्यावसायिक नियम बनाए जा रहे हैं।

66.(3) 74वें संविधान संशोधन अधि. के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारत में त्रि–स्तरीय नगरीय स्थानीय निकायों की व्यवस्था की गई है। जिनमें से एक नगर परिषद् भी है। यह व्यवस्था उन छोटे–छोटे शहरी क्षेत्रों के लिए की जाती है, जिनमें 1 लाख से अधिक लेकिन 5 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरीय क्षेत्रों में किया जाता है।

67.(4) छावनी बोर्ड एक निगमित निकाय है। इन पर केन्द्रीय सरकार के प्रतिरक्षा मंत्रालय का सीधा नियंत्रण होता है। केन्द्र का समादेश अधिकारी छावनी मण्डल का पदेन अध्यक्ष होता है। जो भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

68.(3) बम्बई महानगरीय प्रादेशिक आयोजन परिषद् एक सांविधिक निकाय है। इसकी रचना महाराष्ट्र प्रादेशिक व नगर आयोजन अधि. 1966 के अनुसार 1967 में की गयी थी। इसका मुख्य कार्य सैनिक व प्रतिरक्षात्मक उद्देश्यों हेतु अधिग्रहित क्षेत्रों का परिरक्षण, वनारोपण, सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार करना आदि है।

69.(4) 16 जुलाई, 2001 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अपने अतिरिक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया गया, जिसने 3 f प्रतिमान सुझाया–

F – फंक्शन (कार्य)

F – फण्ड (निधि)

F – फंक्शनरीज (कार्मिक)

70.(4) 73 वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत अनु. – 243 (G/छ) में इन संस्थाओं को सामाजिक न्याय व आर्थिक विकास की योजनाएं बनाने व लागू करने का प्रावधान किया गया है। अनु. – 243 (H/ज) द्वारा इन्हें कर, शुल्क, पथकर तथा फीस एकत्र करने की शक्तियां दी गई है। अनु. – 243 (I/झ) में यह प्रावधान किया गया है कि राज्य का राज्यपाल प्रत्येक 3 वर्ष पर एक राज्य वित्त आयोग का गठन करेगा। अनु. – 243 (J/ञ) पंचायतों के लेखाओं के परीक्षण सम्बंधी प्रावधान करता है।

71.(3) स्विट्जरलैण्ड को प्रत्यक्ष लोकतंत्र की पाठशाला कहा जाता है। यहां राज्यों (कैण्टन) के अधीन स्थानीय स्तर पर कम्यून नामक संस्था होती है। यहां शासन के प्रत्येक स्तर को विकेन्द्रित आधार पर ही गठित किया जाता है।

72.(4) दिसम्बर 2004 में जयपुर में आयोजित हुए सातवें गोलमेज सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पंचायत पोर्टल का उद्घाटन किया गया था। यह पोर्टल पंचायतों को एक दूसरे से जोड़ती है।

73.(1) MNREGA का पूरा नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी अधिनियम है। जो 2005 में पारित किया गया था। इस योजना के अन्तर्गत गरीब परिवारों को प्रति परिवार एक वर्ष में 100 दिन का रोजगार सरकार द्वारा S.K.M. की परिधि में उपलब्ध करवाया जा रहा है।

74.(3) जिला ग्रामीण विकास अभिकरण प्रशासन की योजना केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना है। इसके अन्तर्गत अपेक्षित निधियों को 75 : 25 के अनुपात में केन्द्र व राज्यों के बीच वहन किया जाता है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप ही जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों को सीधे रूप से निधियां जारी की जाती है।

75.(2) शहरी क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के प्राधिकरण होते हैं, जो भिन्न–भिन्न क्षेत्रों जैसे परिवहन, जलापूर्ति, क्षेत्रीय विकास, शहरीकरण उन्मूलन, गंदी बस्ती निवारण इत्यादि से सम्बंधित होते है। किंतु नागरिकों को फिर भी इनका समुचित लाभ नहीं मिल पाता। उनकी समस्याएं समय

VPM CLASSES

पर इन प्राधिकरणों के कारण हल होने की बजाए बढ़ती जाती है, क्योंकि ये प्राधिकरण जटिल औपचारिक नियमों में बंधे होते हैं।

किंतु यदि नए कार्यकारी निकायो को इस हेतु गठित कर प्रोत्साहित किया जाए उन्हें जन समस्याओं के कारणों का जानने व समझने का अवसर दिया जाए तो प्राधिकरण सफल व सहयोगी हो सकते हैं।

76.(4) लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग केन्द्र तथा राज्य सरकारों का वित्त एवं राजस्व का सम्मिलित खाता बनाता है।

77.(3) राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच संबंध संवैधानिक स्थिति पर,राज्य की राजनैतिक वास्तविकताओं पर एंव व्यक्तिगत समीकरणों पर निर्भर करते है।

78.(1) सामूहिक निर्णय , 'डैल्फी तकनीक' के बारे में सही है।

79.(3) मास्टरमैन समिति ने ब्रिटेन के सिविल कर्मचारियों के राजनीतिक क्रियाकलापों पर विचार किया।

80.(3) पॉल एच. एपलबी ने लोक प्रशासन को ऐसी विषय वस्तु के रूप में वर्णित किया जो एक विधाशाखा बनने की खोज में है और कहा कि यह क्षेत्र किसी भी एकल प्रबल विश्लेषणात्मक प्रतिमान से सर्वथा वंचित है।

81.(2) वैमज्ले ने 1968 की मिनोब्रुक कॉन्फ्रेन्स की चर्चा चलाई।

82.(1) निर्णयों में मूल्य प्रतिज्ञप्तियाँ शामिल नहीं होती।

83.(2) भारतीय संविधान में संघ तथा राज्यों के अन्तर्गत सेवाओं के समूह में रखे गए अनुच्छेद अनुच्छेद 308 से 323 तक हैं।

84.(1) राष्ट्रीय विकास परिषद नियमित रूप से पंचवर्षीय योजनाओं की प्रगति का पुनरीक्षण करता है।

85.(1) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के उस प्रारूप को विहित करने में जिसमें संघ एवं राज्यों की लेखाएं रखी जाएं, संसद का अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित है।

86.(1) अशोक मेहता समिति (1977) ने मंडल पंचायत की स्थापना की सिफारिश की थी।

87.(3) ग्रामीण शहरी संबंध समिति ने केन्द्र, राज्य और स्थानीय वित्तों के एकीकरण की सिफारीश की।

88.(3) राजस्थान राज्य में सर्वप्रथम त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की शुरूआत की गई।

89.(2) "लोक प्रशासन एक विज्ञान है" रॉबर्ट डाल ने इस दावे को चुनौती दी थी।

VPM CLASSES

90.(2) एम.पी. फॉलेट के अनुसार, समन्वय का आशय है अवयवों के बीच सुमेल व्यवस्था, क्योंकि समन्वयन किसी परिस्थिति में सभी तत्वों के बीच अन्योन्य संबंध है।

91.(3) विशिष्ट मदों पर सरकारी व्यय की वृद्धि के लिए सरकार घाटे की वित्त व्यवस्था का सहारा लेती है।

92.(1) फ्रैंक गुडनॉ की पॉलिटिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन नामक पुस्तक में विल्सन की मूल विषयवस्तु को और आगे बढ़ाया गया।

93.(3) भारत के राष्ट्रपति को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप दोनों के लिए विनियमन जारी करने का अधिकार है।

94.(2)

सी. आई. बर्नार्ड	-	तंत्र उपागम
डी. ईस्टन	-	आगम–निर्गम मॉडल
एफ. रिग्स	-	'बाजार–कैंटीन' मॉडल
ब्लेक एंउ मॉटन	-	'प्रबंधकीय ग्रिड'

95.(3) व्यवहारवादी दृष्टिकोण निर्णयन प्रक्रिया में तीन प्रमुख कारकों को मान्यता देता है। ये प्रमुख कारक मान्यताएं, तथ्य एवं नीतियां है।

96.(4) "निर्णयन के संदर्भ में मानव व्यवहार" –

1. संतुष्टि की मात्रा पर निर्भर होता है।
2. असंतुष्टि की मात्रा पर निर्भर होता है।

97.(3) टेलर एवं फेयॉल की रचनाओं से प्रभावित होकर गुलिक एवं उरविक् ने संगठन के क्लासिकी सिद्धांत को विकसित किया, जो प्रशासकीय प्रबंधन सिद्धांत कहलाता है।

98.(1) रिग्स के समपार्श्वीय समाज के 'CLECTS' जातीय समूहों के वंशानुगत नेता है।

99.(4) लेखा–परीक्षण कार्य पालिका की ओर से किया जाता है।

100.(3) नियमित बजट के पारित होने से पूर्व आगामी वित्त वर्ष के कुछ भाग के लिए अनुमानित व्यय की संसद द्वारा व्यवस्था लेखा अनुदान कहलाती है।

VPM CLASSES